# पाठ – माटी वाली

**शब्दार्थ**

1. कंटर – बड़ा कढ़ाई, कनस्तर
2. मुश्किल – कठिन
3. निगाह – दृष्टि
4. जायदाद – सम्पत्ति
5. एवज – के बदले
6. आपाधापी – भगदड़
7. तमाम – सभी
8. धरा – रखा
9. तलक – तक
10. अलावा – अतिरिक्त
11. माटी – मिट्टी
12. टैम – समय
13. बेगार – बिना मज़दूरी काम करना
14. कंटर – कनस्तर
15. मुशिकल – कठिन
16. नाटे – छोटे, ठिगने
17. डिल्ले – सिर पर बोझे के नीचे रखने के लिए कपड़े की गद्दी
18. गाढ़ी कमाई – परिश्रम से कमाया हुआ धन
19. तमाम – सारी

egyanarchive

1.'शहरवासी सिर्फ माटी वाली को नहीं, उसके कंटर को भी अच्छी तरह पहचानते हैं।' आपकी समझ से वे कौन से कारण रहे होंगे जिनके रहते 'माटी वाली' को सब पहचानते थे?

**उत्तर-** शहरवासी माटी वाली तथा उसके कंटर को इसलिए जानते होंगे क्योंकि पूरे टिहरी शहर में केवल वही अकेली माटीवाली थी | उसका कोई प्रतियोगी नहीं था | वही सबके घरों में लीपने वाली लाल मिट्टी दिया करती थी | लाल मिट्टी की सबको जरूरत थी | इसलिए सभी उसे जानते थे तथा उसके ग्राहक थे | वह पिछले अनेक वर्षों से शहर की सेवा कर रही थी | इस कारण स्वाभाविक रूप से सभी लोग उसे जानते थे | माटी वाली की गरीबी, फटे-हाली और बेचारगी भी उसकी पहचान का एक कारण रही होगी |

2. माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज़्यादा सोचने का समय क्यों नहीं था?

**उत्तर-** माटीवाली अपनी आर्थिक और पारिवारिक उलझनों में उलझी, निम्न स्तर का जीवन जीने वाली महिला थी। अपना तथा बुड्ढे का पेट पालना ही उसके सामने सबसे बड़ी समस्या थी। सुबह उठकर माटा-खाना जाना और दिनभर उस मिट्टी को बेचना इसी में उसका सारा समय बीत जाता था। अपनी इसी दिनचर्या को वह नियति मानकर चले जा रही थी। ऐसे में माटीवाली के पास अच्छे और बुरे भाग्य के बारे में सोचने का समय नहीं था।

3. 'भूख मीठी कि भोजन मीठा' से क्या अभिप्राय है?

**उत्तर-** इस बात का आशय है जब मनुष्य भूखा होता है तो उस भूख के कारण उसे बासी रोटी भी मीठी लगती है। यदि मनुष्य को भूख न हो तो उसे कुछ भी स्वादिष्ट भोजन या खाने की वस्तु दे दी जाए तो वह उसमें नुक्स निकाल ही देता है। परन्तु भूख लगने पर साधारण खाना या बासी खाना भी उसे स्वादिष्ट व मीठा लगेगा। इसलिए बुजुर्गों ने कहा है – भूख मीठी की भोजन मीठा। अर्थात् भूख स्वयं में ही मिठास होती है जो भोजन में भी मिठास उत्पन्न कर देती है।

4.'पुरखों की गाढ़ी कमाई से हासिल की गयी चीज़ों को हराम के भाव बेचने को मेरा दिल गवाही नहीं देता।' – मालकिन के इस कथन के आलोक में विरासत के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**उत्तर-** पीढ़ियों से चली आ रही धरोहर ही हमारी विरासत है। यह अमूल्य है। इसका मूल्य रुपये–पैसों में नहीं आँका जा सकता। इसे संभालकर रखना चाहिए। कुछ लोग स्वार्थवश इसे औने–पौने दामों में बेच देते हैं, जो कभी भी उचित नहीं है। हमें इनके पीछे छिपी भावना को समझना चाहिए। यह हमारे पूर्वजों की धरोहर है जिसे संभालकर रखना हमारा कर्तव्य है। यहीं धरोहर किसी दिन हमारे लिए गर्व का विषय बन जाता है।

5.माटी वाली का रोटियों का इस तरह हिसाब लगाना उसकी किस मजबूरी को प्रकट करता है?

**उत्तर-** माटी वाली का रोटियों का हिसाब लगाना उसकी गरीबी और आवश्यकता की मजबूरी को प्रकट करता है| वह इस प्रकार की मजदूरी करती है कि उससे उसका जीवन–निर्वाह होना तक कठिन हो जाता है| इससे यह भी पता चलता है कि उन रोटियों से उसे केवल अपना ही नहीं, बल्कि अपने बूढ़े पति का भी पेट भरना पड़ता है|

egyanarchive

6.'आज माटी वाली बुड्ढे को कोरी रोटियाँ नहीं देगी।' – इस कथन के आधार पर माटी वाली के हृदय के भावों को अपने शब्दों में लिखिए।

**उत्तर-** माटी वाली का उसके पति के अलावा अन्य कोई नहीं है। दूसरे उसका पति अत्यधिक वृद्ध होने के कारण बीमारियों से ग्रस्त है, उसका लीवर खराब होने के कारण उसका पाचन तंत्र भी भली–भाँति से काम नहीं करता है। इसलिए वह निर्णय लेती है कि वह बाज़ार से प्याज लेकर जायेगी व रोटी को रुखा देने के बजाए उसको प्याज की सब्जी बनाकर रोटी

के साथ देगी इससे उसका असीम प्रेम झलकता है कि वह उसका इतना ध्यान रखती है कि उसे रुखी रोटियाँ नहीं देना चाहती।

7. गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए। इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
**उत्तर-** गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए – इस कथन का आशय यह है कि गरीबों के रहने का आसरा नहीं छिनना चाहिए। माटीवाली जब एक दिन मजदूरी करके घर पहुँचती है तो उसके पति की मृत्यु हो चुकी होती है। अब उसके सामने विस्थापन से ज्यादा पति के अंतिम संस्कार की चिंता होती है, बाँध के कारण सारे श्मशान पानी में डूब चूके होते हैं। उसके लिए घर और श्मशान में कोई अंतर नहीं रह जाता है। इसी दुःख के आवेश में वह यह वाक्य कहती है।

8.'विस्थापन की समस्या' पर एक अनुच्छेद लिखिए।
**उत्तर-** भारत जिस रफ्तार से 'विकास' और आर्थिक लाभ की दौड़ में भाग ले रहा है उसी भागमभाग में शहरों और गाँवों में हाशिए पर रह रहे लोगों को विस्थापन नाम की समस्या को झेलना पड़ रहा है और जो भी थोड़ा बहुत सामान या अन्य वस्तु उनके पास हैं वो सब उनसे छिन जाता है। बिजली व पानी आदि अन्य समस्याओं से जूझने के लिए नदियों पर बनाए गए बाँध द्वारा उत्पन्न विस्थापन सबसे बड़ी समस्या आई है। सरकार उनकी ज़मीन और रोजी रोटी को तो छीन लेती है पर उन्हें विस्थापित करने के नाम पर अपने कर्तव्यों से तिलांजलि दे देते हैं। कुछ करते भी हैं तो वह लोगों के घावों पर छिड़के नमक से ज़्यादा कुछ नहीं होता। भारत की दोनों अदालतों ने भी इस पर चिंता जताई है। इसके कारण जनता में आक्रोश की भावना ने जन्म लिया है। टिहरी बाँध इस बात का ज्वलंत उदाहरण है। लोग पुराने टिहरी को नहीं छोड़ना चाहते थे। इसके लिए कितने ही विरोध हुए, जुलूस निकाले गए पर सरकार के दबाव के कारण उन्हें नए टिहरी में विस्थापित होना पड़ा। अपने पूर्वजों की उस विरासत को छोड़कर जाने में उन्हें किस दुःख से गुजरना पड़ा होगा उस वेदना को वही जानते हैं। सरकार को चाहिए कि इस विषय में गंभीरता से सोचे व विस्थापन की स्थिति न आए ऐसे कार्य करने चाहिए।

egyanarchive